तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

भाजपा कार्यालय के विरोध में कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव 11



बजट में उपेक्षा से आंगनबाड़ी कर्मियों का फूटा गुस्सा 12



## खबर संक्षेप

### कुकरेल में कोया पूनेम गोंडवाना गाथा आज से

**कुकरेल(धमतरी)।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र कुकरेल के तत्वाधान में कुकरेल के गोंडवाना भवन के सामने 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय कोया पूनेम गोंडवाना गाथा का आयोजन किया गया है। गाथा का समय सुबह 11 से शाम 5 तक है। गाथा प्रवचक तिरुशंकर शाह इरपानी जिला सिवनी मध्यप्रदेश होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आदिवासी गोंडवाना परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, धनीराम, भगवानसिंह नेताम, श्यामलाल नेताम, श्यामलाल कोर्राम, सरपंच नरेश मरकाम सहित समाजजन जुटे हुए हैं। यह जानकारी अजय कुमार ध्रुव ने दी।

### आज बिलासपुर में प्रदेशस्तरीय महारैली

**धमतरी।** केंद्र सरकार द्वारा विद्यालय एवं विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारित यूजीसी एक्ट 26 को पूर्ण रूप से लागू कराने की मांग को लेकर 27 फरवरी को बिलासपुर में प्रदेशस्तरीय महारैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली एसटी-एससी-ओबीसी एवं अल्पसंख्यक महामोर्चा के बैनरतले आयोजित होगी। रैली, प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन शहर के अंबेडकर चौक में किया जाएगा। ओबीसी संयोजन समिति धमतरी के आह्वान पर जिले से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक रैली में शामिल होने के लिए बिलासपुर रवाना होंगे। संगठन के जिला प्रभारी समारू सिन्हा ने बताया कि यह आंदोलन सामाजिक न्याय, शैक्षणिक समानता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

### कृषक उन्नति योजना के तहत हर ब्लॉक में होगा कार्यक्रम

# कल मिलेगा सवा लाख किसानों को बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राज्य सरकार ने होली से पहले किसानों को अंतर की राशि देने का निर्णय लिया है। इसके लिए 28 फरवरी की तारीख निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार धान बेचने वाले जिले के 1 लाख 24 हजार 463 किसानों को 434 करोड़ 77 लाख 15 हजार रुपए का बोनस मिलेगा। इनके अतिरिक्त बीज उत्पादक किसानों को भी बोनस दिया जाएगा।

होली से पहले किसानों को सौगात देते हुए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के तहत धान के समर्थन मूल्य के अंतर की राशि उनके खाते में डालने की तैयारी की है। इसके लिए 28 फरवरी की तारीख तय की गई है। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय ने सभी जिले के कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ को सर्कुलर जारी करते हुए प्रत्येक विकासखंड में निर्धारित तिथि में दोपहर 12.30 एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में आने वाले किसानों के लिए पानी और धूप से बचने की व्यवस्था करने के निर्देश हैं। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रभारी मंत्री को मुख्य अतिथि बनाया जा सकता है। मुख्य कार्यक्रम बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड में आयोजित है। ब्लाक स्तर पर हो रहे कार्यक्रम में कुछ किसानों से मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग से संवाद करेंगे।

#### किसानों को 435 करोड़ का भुगतान होगा

जानकारी के अनुसार इस साल जिले के 1 लाख 24 हजार 463 किसानों ने 59 लाख 64 हजार 594 क्विंटल धान बेचा है। मोटा और सरना वेरायटी के धान बेचने वाले किसानों को 731 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान बेचने वाले किसान को 711 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार मोटा धान बेचने वाले किसानों को 389 करोड़ 65 लाख 60 हजार 996 रुपए और पतला धान बेचने वाले किसानों को 45 करोड़ 11 लाख 58 हजार 651 रुपए का भुगतान किया जाना है। जिले के किसानों को कुल 434 करोड़ 77 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।

## चाकू लहराते जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** रत्नाबांधा शराब दुकान मार्ग के पास चाकू दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहे जिलाबदर आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



रत्नाबांधा शराब भट्ठी मार्ग की घटना

सिटी कोतवाली पुलिस गुरुवार को शहर की पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान पुलिस को रत्नाबांधा के तालाब पार स्थित शराब दुकान मार्ग पर जिलाबदर आरोपी द्वारा धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डराने धमकाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल मौके पर पहुंची। यहां एक युवक को हाथ में स्टील का धारदार चाकू रख उसे लहराते हुए लोगों में भय का वातावरण निर्मित करते पाया गया। पुलिस को देख आरोपी छिपने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुमेंद्र लहरे उर्फ छोटू पिता जगदीश उम्र 25 वर्ष चापड़ा गली हटकेशर निवासी बताया। जांच में पाया गया कि आरोपी पहले से जिलाबदर आदेश के अधीन है। उसके द्वारा धमतरी जिला में प्रवेश संबंधी दस्तावेज एवं वैध आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के कब्जे से एक नग स्टील का धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में धारा 223 बीएनएस, 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 15 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी दुमेंद्र लहरे उर्फ छोटू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## बच्चे को बस में छोड़कर भाग निकली महिला

- बस स्टैंड की घटना, बच्चे को विशेष दत्तक एजेंसी कांकेर को सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक महिला मासूम बच्चे को धमतरी बस स्टैंड में एक बस में छोड़कर भाग गई। मासूम को बाल कल्याण समिति ने अपने कब्जे में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को रायपुर से धमतरी के लिए निकली बस में पचपेड़ी में स्कार्फ बांधी हुई एक महिला चढ़ी। उसके हाथ में तीन से चार माह का मासूम बच्चा था। बस दोपहर में धमतरी बस स्टैंड पहुंची। इसी दौरान उक्त स्कार्फधारी महिला बस की सीट पर बच्चों को सुलाकर भाग खड़ी हुई। बस के स्टाफ ने सीट पर अकेले बच्चे को सोया देखा। उसके साथ कोई भी नहीं था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। इसके अतिरिक्त चाईल्ड लाइन को भी सूचित किया गया। सूचना पर पुलिस व चाईल्ड लाइन की टीम तत्काल बस स्टैंड पहुंची। टीम ने बच्चे को जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। शिशु रोग विशेषज्ञ डा.अखिलेश देवांगन ने जांच के बाद बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ बताया।



इस संबंध में चाइल्ड लाइन ने मीडिया को बताया गया कि प्राप्त बच्चा लड़का है जो चार से पांच माह का है। वह स्वस्थ है। मामला क्या है, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल बाल कल्याण समिति के अंडर में बच्चा है। बच्चे को विशेष दत्तक एजेंसी कांकेर के सुपुर्द किया जाएगा। इसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी। पुलिस उक्त अज्ञात महिला की तलाश में जुट गई है।

## उदंती सीतानदी में उड़न गिलहरी के बच्चे का सफल रेस्क्यू

- रक्षापथरा प्राशा के प्रधानपाठक, सहायक शिक्षक की सूझबूझ से हुआ रेस्क्यू आपरेशन

**धमतरी।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व टीम एवं शिक्षकों ने दुर्लभ उड़न गिलहरी के बच्चे का रेस्क्यू कर उसे उसकी मां से मिलाया है।

रक्षापथरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक धनसिंग नेगी ने 25 फरवरी को 11.50 बजे उपनिदेशक कार्यालय को सूचना दी कि गोना जाने वाले मार्ग पर एक सूखा धावड़ा वृक्ष गिर गया है। उस वृक्ष पर उड़न गिलहरी का बच्चा अकेला बैठा हुआ है और चीटियों द्वारा उसे चोटिल किया जा रहा है। खबर लगते ही उड़न गिलहरी के बच्चे का रेस्क्यू शुरू किया गया। शिक्षक उसे स्कूल की छांव में ले गए। तौरेंगा बफर क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपनी कस्टडी में लेकर मौके का मुआयना किया। वहां धावड़ा वृक्ष में उड़न गिलहरी का घोंसला पाया गया लेकिन बच्चे की मां नहीं मिली। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा के सुझाव अनुसार बच्चे को पीपल, बरगद के फल खिलाए गए एवं पानी पिलाया गया। उड़न गिलहरी निशाचर रात्रि में विचरण करने वाली पक्षी है इसलिए शाम तक इंतजार किया गया। शाम होते ही टीम ने जंगल के पास गिलहरी के बच्चे ⏩ शेष पेज 10 पर



## भारतीय मजदूर संघ ने रखी अपनी मांग

**धमतरी।** भारतीय मजदूर संघ के 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में मजदूरों के हितों में कई निर्णय लिए गए। बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की और उनके माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जगन्नाथपुरी ओडिशा में 6 से 9 फरवरी तक भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय त्रि वार्षिक अधिवेशन हुआ जिसमें देश भर से श्रमिक उपस्थित हुए और अपने आर्थिक, सामाजिक हितों की चर्चा की। इस दौरान कई मांगों पर फोकस किया गया। इन मांगों को प्रधानमंत्री को प्रेषित किया गया। इन मांगों में सभी सेक्टर में श्रमिकों के लिए श्रम कानून बिना छूट के लागू करना। इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 तथा आक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए। त्रिपक्षीय तंत्र का पुनरूद्धार किया जाए, इंडियन लेबर कांफ्रेंस अविलंब आहूत किया जाए। ईपीएस-95 अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 7500 किया जाए। ईपीएफ में अनिवार्य अंशदान के लिए वेतन सीमा बढ़ाने सहित कई मांग शामिल हैं।





## खबर संक्षेप

### बजट भविष्य निर्माण का रोडमैप है : विजय

**मगरलोड।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत



बजट राज्य के समग्र विकास और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का रोड मैप है जिसमें शिक्षा, अधोसंरचना, निवेश और सामाजिक न्याय को संतुलित रूप से आगे बढ़ाया गया है। श्री यदु ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। सड़क, बिजली, जल, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर निवेश से न केवल विकास को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह विकास शहरों तक सीमित न रहकर पूरे राज्य में संतुलित रूप से फैलने वाला है।

### डिजिटल छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत पहल : कमलेश

**बगदेही(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 में युवाओं, शिक्षा और डिजिटल विकास को विशेष



प्राथमिकता दी गई है। बजट को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सोशल मीडिया विभाग कमलेश चंद्राकर ने कहा कि यह बजट राज्य के युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और आधुनिक डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों तक शिक्षा और तकनीक की पहुंच बढ़ाने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा डिजिटल संसाधनों के विस्तार से युवा वर्ग आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### उदंती सीतानदी में उड़न गिलहरी के बच्चे का सफल रेस्क्यू

को साजा वृक्ष पर छोड़ दिया। ट्रैप कैमरा लगाया गया। सुरक्षित दूरी से नजर रखी गई। रात 10 बजे मादा गिलहरी की हलचल हुई। 2 घंटे में बच्चे को लेकर वापस जंगल चली गई। उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि उड़न गिलहरी के बच्चे का सफल रेस्क्यू किया गया। अगले दो दिन तक टीम आसपास के जंगलों की निगरानी करेगी जिससे मादा उड़न गिलहरी और बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी**
**मामले का विषय राजस्व प्रकरण**
**मामला क्रमांक 202509130400039/ अ-6, वर्ष 2024-25**

भागवत पिता जगन्नाथ सोनकर उम्र 39 वर्ष, निवासी-रामपुर वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), .... **अपीलार्थी**

**दावा**

1- प्रतिमा सोनकर पिता जगन्नाथ सोनकर, पति बलीराम सोनकर, निवासी-विकास नगर गुढ़ियारी न्यु पब्लिक स्कूल के पास, गुढ़ियारी जिला रायपुर,
2- प्रीति सोनकर पिता जगन्नाथ सोनकर, पति लखन सोनकर, निवासी-ग्राम पटेल चौक बरगुड़ीपारा राजगौरा चौक के सामने, तह. आरंग जिला रायपुर,
3- पूर्णिमा पिता जगन्नाथ सोनकर, पति स्व. शिव सोनकर, निवासी-ग्राम लाखेनगर टिल्लु चौक नेयर माया मेडिकल सोनकर पारा तह. व जिला रायपुर,
4- पुष्पा पिता जगन्नाथ सोनकर, पति पुष्कर सोनकर, निवासी-कर्मा चौक रूद्री रोड, धमतरी, तहसील व जिला धमतरी,
5- गीता बाई पति स्व. जगन्नाथ सोनकर, निवासी-रामपुर वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी
.... **उत्तरवादीगण**

एतद् द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 03- पूर्णिमा पिता जगन्नाथ सोनकर, पति स्व. शिव सोनकर, निवासी ग्राम लाखेनगर टिल्लु चौक नेयर माया मेडिकल सोनकर पारा तह. व जिला रायपुर, आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी भागवत पिता जगन्नाथ सोनकर उम्र 39 वर्ष, निवासी-रामपुर वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक-01 से 05 के विरूद्ध अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार धमतरी के द्वारा ग्राम धमतरी के नामांतरण पंजी क्रं. 477 दर्ज दिनांक 21.01.2021 आदेश दिनांक 10.01.2021 से परिवेदित होकर प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में प्रचलित है। जिसमें आप उत्तरवादी क्रमांक 03 की उपस्थिति अनिवार्य है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 16/03/2026 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी पर होगी।

अतः आप उत्तरवादी क्रं. 03 इस न्यायालय की उक्त सुनवाई तिथि 16/03/2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कर दिया जावेगा।

**जारी दिनांक 20/02/2026**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धमतरी (छ.ग.)**

## 29 हजार से अधिक घरों तक पहुंचेगा नल कनेक्शन

# सिर्री समूह जलप्रदाय योजना से 83 गांवों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड कुरूद के 83 ग्रामों को शामिल करते हुए सिर्री समूह जलप्रदाय योजना प्रस्तावित की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से 29,036 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर लगभग 1,53,159 ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में योजना की डीपीआर तैयार की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार इस योजना की अनुमानित लागत 12512.31 लाख रुपये है। योजना अंतर्गत शामिल 83 ग्रामों में इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए 7,239.23 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा रेट्रोफिटिंग एवं सिंगल विलेज योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। यह योजना सतही जल स्त्रोत पर आधारित होगी। प्रस्तावित जल स्त्रोत महानदी पर स्थित रुद्री बरॉज है। ग्राम डांडेसरा के समीप महानदी मेन कैनाल में स्थापित क्रॉस रेगुलेटर के अपस्ट्रीम में रॉ-वॉटर कलेक्शन समवेल एवं पंप हाउस निर्माण कर जल प्रदाय किया जाएगा। इस व्यवस्था से सभी 83 गांवों में नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। विभागीय जानकारी के अनुसार, पूर्व में प्रस्तावित रुद्री समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 238 ग्रामों के लिए 13 एमसीएम वार्षिक कच्चे जल की उपलब्धता का प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है। सिर्री समूह योजना के 83 ग्राम भी उसी जल स्त्रोत से जुड़े रहेंगे, जिससे जल उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। योजना के पूर्ण क्रियान्वयन में लगभग 24 माह लगेगा। इससे भू-जल स्तर में गिरावट वाले गांवों को राहत मिलेगी और ग्रामीणों को घर-घर नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

## समग्र विकास की दिशा में मजबूत बजट : थानेश्वर तारक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

भाजपा सिर्री मंडल के महामंत्री थानेश्वर तारक ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह युवा, मजदूर किसान,



महिला समेत समग्र विकास की दिशा में मजबूत बजट है। वर्ष 2024 में 1.47 लाख करोड़ के बजट के प्रावधान को बढ़ाकर 2025 - 26 में 1.65 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। छत्तीसगढ़ सरकार हर क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए संतुलित और जनकल्याणकारी नीति पर कार्य कर रही है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क को प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने स्कूल, महाविद्यालय, आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन, डिजिटल शिक्षा का विस्तार, तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, सड़कों का जाल तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं को सुदृढ़ करने जैसे महत्व कदम उठाए हैं।

## नगरी में शुरू होगी शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना

- असंगठित मजदूरों को मिलेगी बड़ी राहत : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए राहत भरी खबर है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत अब नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में भी मात्र 5 रूपये में गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस महत्वपूर्ण योजना के संचालन से दिहाड़ी मजदूरों, राजमिस्त्रियों, निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों तथा अन्य असंगठित कर्मकारों को प्रतिदिन भरपेट भोजन की सुविधा मिलेगी।



छत्तीसगढ़ शासन तथा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर यह योजना नगरी में प्रारंभ की जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने योजना का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के असंगठित मजदूर दिनभर कड़ी मेहनत करने के बाद समय के अभाव में कई बार भोजन नहीं बना पाते। ऐसे में यह योजना उनके लिए वरदान सिद्ध होगी। मात्र 5 रूपये में दाल-भात और सब्जी जैसा गरम, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध होने से उन्हें भोजन की चिंता से मुक्ति मिलेगी और उनकी कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि यह योजना सामाजिक संवेदनशीलता और श्रमिक हितों के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन की सुविधा प्राप्त होगी। श्री छाबड़ा ने इस जनहितकारी योजना को नगरी में संचालित करने के लिए श्रम विभाग तथा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के मजदूर भाइयों के लिए यह एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि योजना के सफल संचालन से नगरी क्षेत्र के श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## कुरूद कांग्रेस में नई ऊर्जा : महिम ने संभाली जिम्मेदारी

- पदभार ग्रहण करने के बाद कहा-सबको साथ लेकर चलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद में नेतृत्व परिवर्तन के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है। नवनियुक्त अध्यक्ष महिम शुक्ला ने एक सादे समारोह के बीच अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने उन्हें प्रभार सौंपा। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों से नए अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने आगामी राजनीतिक चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता के लिए सभी को एकजुट, संगठित और अनुशासित होकर कार्य करना होगा। जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने मंडल एवं सेक्टर अध्यक्षों को जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की नसीहत दी, वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने संगठन की मजबूती को वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग बताया।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपने प्रथम संबोधन में महिम शुक्ला ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं संगठन को सशक्त बनाने के लिए सभी वरिष्ठों के मार्गदर्शन में सबको साथ लेकर चलूंगा। मेरा प्राथमिक लक्ष्य पार्टी की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बनाए रखना है।

इस अवसर पर प्रमोद साहू, रामेश्वर साहू, पुरानिक साहू, राजकुमारी दीवान, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू, प्रहलाद चंद्राकर, रजत चंद्राकर, मनोज अग्रवाल, राघवेंद्र सोनी, कामराय साहू, लकेश्वर साहू, हेमंत नवरंगे, केदार कुंजाम, पप्पू राजपूत, अशोक साहू, तुकेश साहू, चंद्रप्रकाश देवांगन, लेखराम साहू, पंकज जोशी सहित बड़ी संख्या में जोन, मंडल और सेक्टर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

- युवा कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री मोदी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब एवं अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युकां अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने पुराना बाजार चौक पर एकत्रित होकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सर्वोपरि है और हम इस गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हैं। युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी सरकार सवालों से डरकर युवाओं की आवाज दबाना चाहती है, लेकिन हम सड़कों से लेकर कोर्ट तक यह लड़ाई लड़ेंगे।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, होमेन्द्र साहू, प्रमोद साहू, रामेश्वर साहू, चंद्रप्रकाश देवांगन, रवींद्र साहू, धरमपाल साहू, तुकेश साहू, रूपेश चंद्राकर, पंकज जोशी, होरीलाल साहू, भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पेंशनधारियों के लिए लगा ई-केवाईसी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पालिक निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनधारियों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराया जा रहा है। वार्डों में 12 फरवरी से 9 मार्च तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 26 फरवरी को सदर दक्षिण एवं बांसपारा वार्ड हेतु हमर क्लीनिक बांसपारा में लगा। 27 फरवरी को मराठापारा एवं पोस्ट ऑफिस वार्ड के लिए शाला नंबर 3 के सामने आंगनबाड़ी केंद्र में, 28 फरवरी को बनियापारा एवं मोटर स्टैंड वार्ड के लिए महिला समाज भवन में, 2 मार्च को रामसागरपारा एवं रिसाईपारा पूर्व वार्ड हेतु शिव चौक के पास दुर्गा मंच में,6 मार्च को रिसाईपारा पश्चिम, नयापारा एवं टिकरापारा वार्ड के लिए म्युनिस्पिल स्कूल प्रांगण में, 7 मार्च को अंबेडकर वार्ड में गौरवपथ रोड स्थित पार्षद कार्यालय में, 9 मार्च को सोरिद, जोधापुर एवं डाकबंगला वार्ड के लिए दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## गातापार में कृष्ण लीला देखने उमड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम गातापार (आ) में आदर्श श्री बाल कृष्ण लीला मंडली खड़ौदा खुर्द कबीरधाम की मंडली का प्रेरणाप्रद और मनोरंजन पूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजक कुलेश्वर साहू ,कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन छत्तीसगढ़, सह संयोजक ओमप्रकाश साहू एवं फतीश साहू ने किया। संचालन मंशाराम गंधर्व द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पूजा-अर्चना कर देव स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ और यह पड़ाव अंतिम रूप में होली मिलन के साथ संपन्न हुआ। कुलेश्वर साहू के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन छत्तीसगढ़ बनाए जाने के उपलक्ष्य में राजेंद्र चंद्रवंशी प्रदेश अध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन छत्तीसगढ़, रूक्मणि ठाकुर कार्यकारिणी प्रदेश उपाध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन ग्राम गातापार (आ) पहुंचे। मौके पर सरपंच शेखन लाल साहू, बंशी लाल पटेल अध्यक्ष दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय, मोहन लाल ध्रुव, ठाकुर राम साहू, नानक तारक, दुकालू साहू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। मंशाराम गंधर्व ने नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्ति पर अपनी भावना व्यक्त की। चोपेश्वर साहू ने भगवान श्री कृष्ण का काव्य पाठ किया।

## गिरौद प्राथमिक शाला में हुआ मापन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



बच्चों में मापन से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं को लेकर प्राथमिक शाला गिरौद मे स्टॉल लगाया गया। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों द्वारा विभिन्न स्टॉलों में जाकर व्यावहारिक समझ निर्माण किया गया। इन 12 स्टॉलों में परिमाप समान होते हुए क्षेत्रफल अलग-अलग होना, क्षेत्रफल अलग अलग होने पर परिमाप समान होना, अमानक इकाई डस्टर से मापन, मानक इकाई स्केल से मापन, आकृति टेड़ा मेढ़ा व वक्र होने पर धागों से मापन, ग्राम व किलोग्राम संबंधी गतिविधि, 1 लीटर की अलग-अलग धारिता, भार अनुसार वस्तुओं को बढ़ते क्रम मे जमा पाना, कौन बनेगा होशियार ग्राहक अंतर्गत नोट सम्बन्धी गतिविधि, चिट निकालकर कैलेंडर में जयंती एवं त्योहार का महीना एवं दिन अनुसार खोज पाना,12 घंटे व 24 घंटे वाली घड़ी के समय में सम्बन्ध जोड़कर बताया गया। बच्चे आनंदित नजर आये। मापन मेला का निरिक्षण संकुल समन्वयक कुलेश्वर राम साहू ने किया। सरपंच टलेश्वर साहूख कुंती साहू, राधिका निषाद, धनेश्वरी साहू, उषा साहू, यशोदा के साथ स्कूल समिति सदस्यों द्वारा अवलोकन किया गया। प्राथमिक शाला सौंगा के प्रधानपाठक शैलेन्द्र कुमार कश्यप एवं शिक्षिका ओमिन यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्यामलाल साहू, प्रधानपाठक चंद्रशेखर सेन, माखनलाल साहू, कम नारायण निषाद, कामत राम साहू, हरेंद्र साहू, शिक्षिका मीरा निषाद, धारिणी उपस्थित रहे।

## श्रवण बने पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष

**मगरलोड।** ग्राम मोहंदी के पूर्व सरपंच श्रवण साहू को भाजपा मंडल पिछड़ा वर्ग का अध्यक्ष



बनाया गया है। श्री साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार, पूर्व महामंत्री कविन्द्र जैन का आभार प्रकट किया।

## भखारा रोड पर सड़क सुरक्षा को मिली मजबूती




- सेठिया परिवार ने प्रदान किए रेडियम रिफ्लेक्टर युक्त सुरक्षा बैरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भखारा रोड में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में महेश शिशिर सेठिया द्वारा पुलिस थाना भखारा को रेडियम रिफ्लेक्टर युक्त रोड सुरक्षा बैरियर प्रदान किए गए। इन बैरियरों के लगाए जाने से रात्रि में दृश्यता बढ़ेगी और दुर्घटनाओं की आशंका में कमी आएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार की जनभागीदारी से नगर में सकारात्मक संदेश जाता है।

इस अवसर पर थाना प्रभारी समीर तिवारी ने कहा कि समाज के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा जैसे अभियान को मजबूती मिलती है।

विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। छबिलाल निर्मलकर एवं जितेंद्र साहू ने कहा कि इससे निश्चित ही दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर सहायक उपनिरीक्षक कमिलचंद सोरी, प्रधान आरक्षक भूपेश सिन्हा, आरक्षक ईश्वर साहू, होमेंद्र ध्रुव, दुष्यंत सिन्हा, महिला आरक्षक संतोषी साहू अमृता सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। इससे पूर्व रिफ्लेक्टर को मौली बांधकर व पूजा -अर्चना कर लोकार्पित किया गया।

## विधायक अंबिका मरकाम के सतत प्रयास से बजट सत्र में मिली बड़ी स्वीकृति

# सिहावा विस को 110 करोड़ 99 लाख 84 हजार की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सिहावा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए क्षेत्र को कुल 110 करोड़ 99 लाख 84 हजार की विकास राशि की स्वीकृति मिली है। यह उपलब्धि विधायक अंबिका मरकाम के निरंतर प्रयास और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का परिणाम है।

सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं उच्च स्तरीय पुल निर्माण को विशेष महत्व दिया गया है। सिंगपुर-मोहेरा-बेन्द्राबुड़ा-परसागांव-देवरी-कोरना मुख्य मार्ग से कछराडांगर बनगांव आश्रम चौक से मुटाडोली घाट-सिंगपुर तक 150 किमी सड़क निर्माण हेतु 475 करोड़ की स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा नगरी पोस्ट ऑफिस से पेट्रोल पंप तक सड़क चौड़ीकरण, कुकरेल-कुर्रीडीह-बासीखाई मार्ग, दुगली-गट्टासिल्ली मार्ग, अमलीडीह-खिसोरा मार्ग एवं धमतरी-नगरी मुख्य मार्ग के नवीनीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी स्वीकृत हुए हैं। ग्राम सिहावा से बोराई मार्ग में महानदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण (राज्य मार्ग-23) के लिए 1307 लाख की स्वीकृति क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी। वहीं रेंगाडीही से सिंगपुर रोड (नागदेव नाला) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण भी स्वीकृत हुआ है।

विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि वे क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा सभी स्वीकृत कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाएगा।

### शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास

भोथली में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण तथा ग्राम बनगांव, अमलीपारा एवं गिधावा में प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति से शिक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। देउरपारा श्रृंगी ऋषि मार्ग के चौड़ीकरण एवं सिहावा बस स्टैंड से महानदी तट तक सीसी मार्ग निर्माण भी स्वीकृत कार्यों में शामिल है।

### विकास को मिलेगी नई दिशा

सिहावा विधानसभा क्षेत्र को सड़क, शिक्षा, सिंचाई, पुल-पुलिया एवं आधारभूत संरचना से नई दिशा मिलेगी। विशेषकर महानदी पर उच्च स्तरीय पुल और प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण से व्यापार, कृषि एवं आवागमन को मजबूती मिलेगी।

### सिंचाई एवं जल संसाधन सुदृढ़ीकरण

क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सोंदूर मल्हारी डायवर्सन उन्नयन, सोंदूर जलाशय के डैम सेफ्टी कार्य, लाइनिंग कार्य, एप्रोच रोड नवनीकरण एवं विद्युत प्रवाह व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार मुरूमसिल्ली बांध मॉडर्नाइजेशन तथा राजाडेरा लघु जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा में व्यापक लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### उच्च शिक्षामंत्री ने किया डॉ. खेदू भारती की 27 पुस्तकों का विमोचन

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में साहित्य और शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण क्षण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी विभाग में पदस्थ वरिष्ठ प्राध्यापक एवं साहित्यकार डॉ. खेदू भारती द्वारा रचित विभिन्न काव्य विधाओं की कुल 27 पुस्तकों का विमोचन उच्च शिक्षा मंत्री एवं मंचासीन अतिथियों ने किया। विशिष्ट अतिथि महापौर रामू जगदीश रोहरा, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव थे। अतिथियों ने डॉ. खेदू भारती के साहित्यिक योगदान की सराहना की।

### मोदी की गारंटी से मुकरी साय सरकार : मरोठे




**धमतरी।** छग में अनियमित कर्मचारियों ने राज्य सरकार के तीसरे बजट पर निराशा जताई है। विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग, ठेका, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर एवं मानदेय कर्मियों ने कहा कि बजट में उनके हित में कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। कर्मचारियों का आरोप है कि जब भाजपा विपक्ष में थी, तब नेताओं ने उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया था और मोदी की गारंटी 2023 के तहत कमेटी गठन की बात कही थी, लेकिन उसमें अनियमित कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया। कर्मचारियों ने छंटनी, लंबित वेतन, न्यूनतम वेतन वृद्धि न होने और श्रम सम्मान राशि नहीं मिलने जैसे मुद्दे उठाए। पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश मरोठे ने कहा कि सरकार की अनदेखी से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### खेल बजट से खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा : रीतिका



**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ के संकल्प बजट में खेल और खिलाड़ियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। एथलेटिक्स संघ धमतरी की जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री रीतिका सिंह यादव ने बजट को समावेशी बताते हुए मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री ओपी चौधरी तथा प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जशपुर में तीरंदाजी अकादमी और नवा रायपुर अटल नगर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की स्थापना से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की मेजबानी राज्य को मिलना गर्व की बात है। ओलंपिक पदक विजेताओं के लिए करोड़ों की सम्मान राशि और खेल अधोसंरचना विकास हेतु करोड़ों का प्रावधान युवाओं को प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन के तहत प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### सोनम साहू का सीआईएसएफ में चयन



**धमतरी।** हटकेशर वार्ड निवासी सोनम साहू पिता किरण साहू का सीआईएसएफ में चयन हुआ है। सोनम 6 माह के प्रशिक्षण के लिए राजस्थान रवाना हो गई। इस दौरान मित्रों सहित वार्डवासियों ने तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर विदाई दी। सोनम की सफलता पर मिलिट्री एकेडमी के संचालक जीवन निषाद, मुकेश साहू, संतराम ठाकुर, कुबेर, महेंद्र रावटे, प्रशांत मीनपाल, अशोक पटेल, सुमेरी ठाकुर, रामनरेश साहू सहित परिजनों ने हर्ष जताया है।

लोहरसी के ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव, पंचों पर मनमानी का लगाया आरोप

# भाजपा कार्यालय के विरोध में कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव

- जमीन आवंटन को निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम पंचायत लोहरसी में जिला भाजपा कार्यालय के लिए जमीन आवंटन को लेकर भारी तनाव है। गुरूवार को करीब 400 ग्रामीणों ने जमीन आवंटन के विरोध में पैदल मार्च कर कलेक्टोरेट का घेराव किया। ग्रामीणों के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर, जिपं सदस्य कविता बाबर, जनपद सदस्य प्रकाश पवार आदि ने अपर कलेक्टर से मुलाकात कर जमीन आवंटन को निरस्त करने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने बताया कि प्रशासन ने आश्वासन तो दिया है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि मामले को जिला प्रशासन गंभीरता से लेगा। जमीन पर स्टे लगाने वे हाईकोर्ट जाएंगे।

गुरूवार को ग्राम लोहरसी में तनाव रहा। कलेक्टर घेराव को लेकर घर-घर से लोग ग्राम पंचायत के पास एकत्रित होने लगे। यहां से आधा दर्जन ट्रेक्टर ट्राली, बाइक, कार के माध्यम से जनपद कार्यालय के पास पहुंचे। करीब 400 महिला-पुरूषो ने जनपद कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्टोरेट का घेराव किया। प्रतिनिधि मंडल ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम लोहरसी पहनं 29 तहसील धमतरी में खसरा नं. 750/1, रकबा 15.62 हे. में से 6 एकड़ स्टेडियम,7 एकड़ श्मशान घाट, 5 एकड़ आवास एवं बाजार के लिए उपयोग में आ रहा है। 8 एकड़ में तालाब तथा तालाब पार है। इसके अलावा कुछ जमीन शेष है जिसे चारागाह और भविष्य में विकास कार्यों के लिए रखा गया है जिसमें से 0.40 हेक्टेयर 43040 वर्गफीट जमीन को राजस्व विभाग एवं पटवारी ने जिला भाजपा कार्यालय के लिए चिन्हांकित किया है।

ज्ञापन में आगे कहा है कि 25 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में पंचों के सर्वमत प्रस्ताव के बिना जिला भाजपा राजनैतिक पार्टी को कार्यालय भवन बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। इस संबंध में 27 जुलाई 2025 को ग्राम विकास समिति ने ग्रामीणों की बैठक रखी जिसमें भाजपा कार्यालय के लिए ग्रामीणों की सहमति नहीं बनी। 25 सितंबर 2025 को ग्रामसभा की बैठक में भाजपा कार्यालय के लिए जमीन आवंटन को निरस्त किया गया। ज्ञापन में आगे कहा है कि ग्राम सरपंच, सरपंच पति, सचिव तथा कुछ पंच गांव की जमीन को बेचकर मनमानी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए भाजपा कार्यालय के लिए दी जा रही जमीन को निरस्त करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट घेराव के अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर, जिपं सदस्य कविता योगेश बाबर, जनपद सदस्य प्रकाश पवार, कमलनारायण सिन्हा, मुकेश नेताम, रोशन साहू, ओंकार सोनवानी, उमेश यादव, जीत्तू सोनवानी, पंकज साहू, नंदीन निर्मलकर, खुशबू जगताप, दीपक सोनकर, बृजदास मानिकपुरी, पुरूषोत्तम साहू, नंदू साहू, विकास साहू, दिलेश्वर साहू, विनय गंजीर, पीताम्बर साहू, जानकी, दुलेश्वरी, हेमिन, रामकली, सरोज, माधुरी, गीता, उमा, सुखबती, सुमरित, बुधियारिन सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सामाजिक व धार्मिक कार्य के लिए वार्डवासियों को मिलेगा भवन



- नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। वार्ड क्रमांक 6 में रानी दुर्गावती चौक से लेकर जंगलपारा स्कूल तक लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। यह सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी थी, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीसी रोड निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

पार्षद राजा पवार के मांग पत्र पर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा सदन में प्रस्ताव पारित कर सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई। इस भवन के लिए भूमिपूजन किया गया।

पार्षद चेलेश्वरी साहू एवं वार्डवासियों की मांग पर वार्ड क्रमांक 7 रंगमंच के पास 66,000 रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह भवन विवाह, सामाजिक कार्यक्रम एवं सुख-दुख के आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

वार्ड क्रमांक 13 माता तालाब के पास टिन शेड निर्माण होगा। पार्षद यशकरण पटेल द्वारा अपनी पार्षद निधि से 3 लाख की लागत से माता तालाब के पास टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। पूर्व में यहां सामुदायिक भवन नहीं होने से लोगों को निजी घरों या अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ता था।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री रूपेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा लोक निर्माण विभाग सभापति अश्विनी निषाद, शंकर देव, विनीता कोठारी, अलका साव, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, डागेश्वरी साहू, यशकरण पटेल, योगेश कुमार साहू, डीकेश कुमार साहू, शिक्षक शारदा प्रसाद ग्वाले समेत अन्य उपस्थित थे।

## अपने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका धरने पर बैठीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- आज रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगी



ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 26 फरवरी को रावणभाठा मैदान में नारेबाजी की। आज 27 फरवरी को रैली एवं प्रदर्शन करेंगी।

संघ की अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेशभर में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करती रही हैं, किंतु अब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने से उनमें असंतोष व्याप्त है।

पदाधिकारियों का कहना है कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का समुचित लाभ जमीनी स्तर पर नहीं मिल पा रहा है। साथ ही बजट में प्रावधानित राशि में कटौती से भी कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। आज 27 फरवरी को सामूहिक अवकाश लेकर दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक ब्लॉक मुख्यालय नगरी में धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद दिखाई दिए। धरना स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बैठी। मौके पर संघ की अध्यक्ष माहेश्वरी साहू, दुर्गा साहू, सीता साहू, कमला वट्टी, जानकी मंडावी, पनकीन कुंजाम, कमला वट्टी, अनिशा बेगम, नंदन साहू , कमला साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद थीं।



## होली से पहले पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

होली त्योहार के पूर्व पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। अवैध शराब की बिक्री, सट्टा, जुआ के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।

आगामी होली त्योहार को देखते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने पर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने जिले के समस्त थानों की पुलिस द्वारा कार्रवाई तेज कर दी है जिसके चलते जुआ फड़ में रेड डालकर जुआरियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं क्रिकेट सटोरिया सहित सट्टा-पट्टी लिखने वालों को रंगेहाथ पकड़ सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी क्रम में रूद्री पुलिस को मुखबिर से थाना क्षेत्र के ग्राम बरारी के सियारपारा के एक घर में महिला द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्काल सियारपारा पहुंच ब्यारा की घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की। तलाशी के दौरान ब्यारा से 15-15 लीटर की दो जरकीन, 5-5 लीटर की दो जरकीन व 1-1 लीटर की दो बोतल कुल 42 लीटर महुआ शराब बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार 400 रूपये है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम चंद्रिका निषाद पति बल्लू उम्र 50 वर्ष सियारपारा बरारी थाना रूद्री निवासी बताया। पुलिस ने उक्त शराब को जब्त कर धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत आरोपिया चंद्रिका निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## विधायक की पहल पर ठेमली आइलैंड के विकास के लिए 2 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धमतरी जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल बांध स्थित ठेमली आइलैंड के विकास के लिए 2 करोड़ रुपये की बजट स्वीकृति मिली है। यह पहल धमतरी विधायक ओंकार साहू के प्रयास से संभव हो पाई है, जिसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

ठेमली आइलैंड के सुनियोजित विकास से यहां आधुनिक पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रस्तावित कार्यों में सौंदर्यीकरण, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इससे न केवल पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि धमतरी की पहचान एक उभरते पर्यटन केंद्र के रूप में और मजबूत होगी। इस परियोजना से स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों, नाव चालकों और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यह केवल शुरुआत है और धमतरी को पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान दिलाने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## भगवान वामन ने राजा बलि का घमंड तोड़ा : पं पुष्कर

- रेंगाडीह में यादव परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में जुटे आसपास के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



ग्राम रेंगाडीह में यादव परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा पुराण का आयोजन 21 फरवरी से 1 मार्च तक किया गया है। शनिवार को शाम 4 बजे जल कलश यात्रा पश्चात वेदी स्थापना और महाराज गोकर्ण पूजा के साथ कथा प्रारंभ हुई। प्रवचन कर्ता आचार्य ग्राम लोहरसी निवासी भगवताचार्य पं पुष्कर तिवारी द्वारा संगीतबद्ध भजनों के साथ सविस्तार कथा का बखान किया जा रहा है। कथा श्रवण का लाभ लेने परसाबुड़ा ,कोरगांव ,पठार , बेलरदोना तेंदूभाठा , कुल्हाड़ी कोट से बड़ी संख्या में भक्त लोग पहुंच रहे हैं। दूसरे दिन सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, समुद्र मंथन, कृष्ण अवतार की कथा सुनाई। पं पुष्कर तिवारी ने बताया कि भगवान कृष्ण ने वामन अवतार लेकर राजा बलि का घमंड तोड़ा। तीन पग भूमि दान लेने के बहाने उनके सिर को अंतिम पग नापते हुए पाताल लोक भेजा। आयोजक प्रमुख टीकम राम यादव, अर्जुन यादव ने बताया कि कथा का समापन गीता उपदेश और संदेश और तर्पण और गौदान के साथ रविवार 1 मार्च को किया जाएगा। संस्कृत परायण कर्ता आचार्य वासु तिवारी और संगीतकार धर्मेन्द्र कुमार यादव, कोमल राम साहू ,संतुराम साहू हैं।

हरिभूमि
कार्यालय कांकेर में भर्ती
पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर
रिक्त पद
सीनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य
जूनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक
संपर्क करें - 7000955574

धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 12000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर में जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महावीर इंटरनेशनल शाखा की नीलू अध्यक्ष बनीं

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल की शाखा धमतरी की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्रीमती नीलू लुनावत को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्रीमती मधु बैद सचिव, श्रीमती संजू बड़जात्या सहसचिव तथा श्रीमती अनीता लुनावत कोषाध्यक्ष बनाई गई। इस अवसर पर सचिन, मधु, अनिल बैद समेत संस्था से जुड़े गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### ओमेश बने भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री



**धमतरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से युवा नेतृत्व को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम रत्नाबांधा निवासी ओमेश यादव को भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। नियुक्ति के बाद श्री यादव ने भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

### विकसित छग की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : सोनी



**धमतरी।** भाजपा बस्तर संभाग पिछड़ा मोर्चा प्रभारी हेमराज सोनी ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश की तीन करोड़ जनता के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने वाला है। श्री सोनी ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार ने उत्तर सरगुजा, दक्षिण बस्तर और मैदानी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर विशेष ध्यान दिया है। युवाओं के रोजगार सृजन के लिए औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं शामिल की गई हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण तथा पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण हेतु 80 करोड़ रुपये का प्रावधान सराहनीय है।

### पोटियाडीह की शिक्षिका उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए हुई सम्मानित



**धमतरी।** जिला शिक्षा कार्यालय धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में नवीन प्राथमिक शाला नयापारा पोटियाडीह की सहायक शिक्षिका श्रीमती दानेश्वरी गंगेश को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जिले में संचालित लाइव स्कूल कार्यक्रम, एफएलएन तथा जेएनवी अभ्यास परीक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी, एपीसी खिलेंद्र साहू, एपीसी श्रीमती लता साहू, एपीसी ओंकार बंजारे, हरमेश साहू सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों से सम्मान प्राप्त करते हुए श्रीमती गंगेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने समर्पण और नवाचारपूर्ण प्रयास से जिले का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती दानेश्वरी ने विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षण कार्य में तकनीकी नवाचार को प्रभावी रूप से अपनाया। माह दिसंबर 2025 में वे विनोबा ऐप पर जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ विजेता रही। उनकी इस उपलब्धि पर संकुल केंद्र पोटियाडीह के संकुल समन्वयक एलएन साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

धरने पर बैठी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, नियमितीकरण व मानदेय बढ़ाने की मांग

# बजट में उपेक्षा से आंगनबाड़ी कर्मियों का फूटा गुस्सा





- 50 साल की सेवा, फिर भी उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए किसी भी प्रकार की राहत या मानदेय वृद्धि की घोषणा नहीं किए जाने से नाराज कर्मियों ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया है। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया है। इसी कड़ी में धमतरी जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं गांधी मैदान में सामूहिक धरने पर बैठीं।

धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे बीते कई दशकों से महिला एवं बाल विकास विभाग की रीढ़ बनकर काम कर रही हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों के पोषण, टीकाकरण, सर्वे, एसआईआर, कोविड महामारी और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आंगनबाड़ी कर्मियों की भूमिका निर्णायक रही है। इसके बावजूद उन्हें आज भी सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखा गया है।

### आंदोलन के चरण तय

संघ की जिला अध्यक्ष रेवती वत्सल ने बताया कि प्रथम चरण में 27 फरवरी को जिला मुख्यालयों में समस्त कार्य बंद कर सामूहिक अवकाश लेते हुए धरना-प्रदर्शन किया जायेगा । इसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा जाएगा। द्वितीय चरण में 9 मार्च को प्रदेश स्तर पर धरना-रैली कर विधानसभा घेराव किया जाएगा।

उनकी प्रमुख मांगें : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, शासकीयकरण तक न्यूनतम वेतन दिया जाए, प्रतिवर्ष 1000 रुपये मानदेय वृद्धि का प्रावधान हो, पेंशन, बीमा, ग्रेज्युटी और सेवानिवृत्ति लाभ लागू किए जाए। कर्मियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### मानदेय जीने लायक नहीं

संघ का आरोप है कि वर्तमान में कार्यकर्ता को मात्र 4500 रुपये और सहायिका को 2250 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता है, जो श्रम नियमों के विपरीत है। वर्ष 2018 के बाद से केंद्र सरकार द्वारा कोई वृद्धि नहीं की गई, वहीं राज्य सरकार ने भी बीते दो वर्षों में न तो मानदेय बढ़ाया और न ही कोई अतिरिक्त सुविधा दी।

### सामाजिक सुरक्षा, सुविधाओं की कमी

धरनारत कर्मियों ने शासकीयकरण, पेंशन, बीमा, ग्रेज्युटी, बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज, पारिवारिक दायित्वों के लिए अवकाश जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव को महिला सशक्तिकरण के दावों के विपरीत बताया।

# धमतरी में ब्रॉडगेज पर रैक पॉइंट व यार्ड निर्माण के लिए प्रीतेश का किया सम्मान

व्यापारियों, बुद्धिजीवियों व समाज प्रमुखों ने जताया आभार


हरिभूमि
धमतरी में रेलवे यार्ड व रैक पॉइंट की मांग



- छग भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री की केंद्रीय स्तर पर मेल मुलाकात रंग लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर से धमतरी तक चलने वाली नेरोगेज ट्रेन को ब्रॉडगेज में स्वीकृति मिलने के बाद रेलवे स्टेशन के महत्वपूर्ण व्यापारिक अंग रैक पॉइंट एवं यार्ड के निर्माण को लेकर संशय की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। शहर के व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं नागरिकों ने अपनी चिंता प्रकट की। मामले को गंभीरता से लेते हुए सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने तत्काल पहल करते हुए 19 जुलाई 2022 को तत्कालीन केंद्रीय रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश, 20 जुलाई 2022 को रावसाहेब दानवे तथा 18 अगस्त 2022 को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर रेल मंत्रालय नई दिल्ली के अधिकारियों के समक्ष धमतरीवासियों की भावनाओं और शहर की व्यापारिक आवश्यकताओं को विस्तार से रखते हुए यार्ड एवं रैक पॉइंट की आवश्यकता से अवगत कराया था कि धमतरी जिला छत्तीसगढ़ में धान मिलिंग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां लगभग 150 राइस मिलें संचालित हैं, साथ ही सेलेक फैक्ट्री, ऑयल इंडस्ट्रीज एवं कोल्ड स्टोरेज भी स्थित हैं। धमतरी, रायपुर और बस्तर मार्ग का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धमतरी रेललाइन के स्टीमेट को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जो जिले के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। धमतरी से प्रतिवर्ष लगभग 250 रैक चावल, 90-100 रैक एवं खंडा सहित सेलेक फैक्ट्री, तेल उद्योगों एवं कोल्ड स्टोरेज का सामान अन्य स्थानों पर भेजा जाता है। ऐसे में यार्ड एवं रैक पॉइंट का निर्माण व्यापार विस्तार, रोजगार सृजन, समय एवं पूंजी की बचत तथा क्षेत्रीय आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उनके प्रयासों का परिणाम यह हुआ कि 23 जुलाई 2022 को डीसीएम सहित 12 अधिकारियों की टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन का सर्वे प्रीतेश गांधी की उपस्थिति में किया। सर्वे के पश्चात निर्णय लिया गया कि रैक पॉइंट का निर्माण धमतरी में ही किया जाएगा। अब जब यह कार्य मूर्त रूप ले रहा है, तो शहवासियों में हर्ष व्याप्त है। शहर के व्यापारियों, बुद्धिजीवियों एवं समाज प्रमुखों ने प्रीतेश गांधी का सम्मान करते हुए इस बहुप्रतीक्षित कार्य को पूर्ण कराने के लिए आभार व्यक्त किया। स्वागत एवं सम्मान करने वालों में उद्यमी एवं समाजसेवी पं. राजेश शर्मा, रोमी सावलानी, हीरा पंजवानी, प्रकाश चिमनानी, सुनील लुनावत, साहू समाज के प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, कालू लूनिया, सुनील अग्रवाल, अजीत खंडेलवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# डुबान परिवारों का धरना स्थगित, संघर्ष जारी रहेगा

- तीन माह में न्यायालयीन आदेश के पालन की कसौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गंगरेल बांध से प्रभावित डुबान परिवारों का गांधी मैदान में जारी अनिश्चितकालीन धरना फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। डुबान प्रभावित जनकल्याण समिति ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय संघर्ष की समाप्ति नहीं, बल्कि प्रशासन को दिया गया एक समयबद्ध और निर्णायक अवसर है।

समिति के अनुसार मंत्रालय स्तर से प्राप्त निर्देशों के बाद यह कदम उठाया गया है, जिससे वर्षों से लंबित मांगों के समाधान की दिशा में ठोस पहल की उम्मीद बनी है। 25 फरवरी को मंत्रालय में आयोजित बैठक के दौरान विशेष सचिव (राजस्व) ने कलेक्टर धमतरी को दूरभाष पर निर्देशित करते हुए प्रकरण को लिखित रूप से मार्क किया और हाईकोर्ट छग द्वारा पारित आदेश का नियमानुसार पालन तीन माह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह आदेश डुबान प्रभावितों के पुनर्वास और भूमि आवंटन से जुड़े मामलों में लंबे समय से प्रतीक्षित कार्रवाई का आधार माना जा रहा है। मंत्रालय बैठक की जानकारी गांधी मैदान में मौजूद आंदोलनकारियों को दी गई, जिसके बाद तहसीलदार धरना स्थल पर पहुंचे और विशेष सचिव के निर्देशों से सभी को अवगत कराया। इसके उपरांत समिति की ओर से कलेक्टर के नाम एक औपचारिक ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से सौंपा गया, जिसमें न्यायालयीन आदेशों के पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा दर्ज की गई। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई भी डुबान प्रभावितों के समर्थन में उपस्थित रहे और प्रतिनिधिमंडल के साथ खड़े होकर प्रभावित परिवारों की मांगों को मजबूती से रखा।

समिति ने दोहराया कि उनकी प्रमुख मांग माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण पालन और सभी पात्र भूमिहीन डुबान प्रभावित परिवारों को आरक्षित भूमि से प्राथमिकता के आधार पर वैकल्पिक कृषि भूमि का आवंटन है। समिति का कहना है कि आगामी तीन माह प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जवाबदेही की वास्तविक परीक्षा होंगे। यदि इस अवधि में जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई प्रारंभ होती है तो इसे सकारात्मक कदम माना जाएगा, अन्यथा आंदोलन को पुनः लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से तेज किया जाएगा। मंत्रालय बैठक में हरिशंकर मरकाम कार्यकारी अध्यक्ष डुबान प्रभावित जनकल्याण समिति गंगरेल भी उपस्थित थे।

# 3.23 करोड़ से शहर की सड़कें होंगी चकाचक

- महापौर रामू रोहरा के प्रयास से प्रमुख सड़कों के निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






शहर के विकास को नई रफ्तार देते हुए धमतरी को आज एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात मिली है। नगर निगम क्षेत्र की जर्जर और बहुप्रतीक्षित प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए कुल 3 करोड़ 23 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इस उपलब्धि का श्रेय महापौर रामू रोहरा के निरंतर प्रयास, प्रभावी नेतृत्व और राज्य शासन से बेहतर समन्वय को दिया जा रहा है।

मकई चौक से रामबाग चौक तक सदर मार्ग के लिए 114.93 लाख रुपये, डॉ. एनपी गुप्ता के निवास से कचहरी ऑफिस होते हुए शिव चौक से म्युनिस्पिल स्कूल तक 94.48 लाख रुपये, शिव चौक से विमल टॉकीज रोड से एनएच-30 तक 37.57 लाख रुपये, छत्रपति शिवाजी चौक से मठ मंदिर तक 42.87 लाख रुपये तथा बालक चौक से भगत चौक होते हुए रोकड़िया चौक तक 33.15 लाख रुपये की लागत से बीटी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा।

इन सड़कों के निर्माण होने से न केवल शहर के यातायात में क्रांतिकारी सुधार होगा, बल्कि हजारों नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को वर्षों से हो रही परेशानी से राहत मिलेगी। सदर मार्ग, शिव चौक, रामबाग चौक, भगत चौक जैसे व्यस्ततम क्षेत्रों में सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनती थी। अब नई बीटी सड़कों के निर्माण से यातायात सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होगा।

महापौर रामू रोहरा ने इसे धमतरी के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि धमतरी को आधुनिक, व्यवस्थित और विकसित शहर के रूप में स्थापित किया जाएगा। शहरवासियों की सुविधा और बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए लगातार शासन स्तर पर प्रयास किया गया जिसका सकारात्मक परिणाम आज सामने है। श्री रोहरा ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रूप कुमारी चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। नागरिकों का कहना है कि यह स्वीकृति न केवल सड़क निर्माण तक सीमित है, बल्कि यह धमतरी के उज्ज्वल भविष्य और तेज विकास की मजबूत नींव है।





# यूथ हॉस्टल ने की गंगरेल में बोटिंग-कम-ट्रेकिंग

## एसपी और डीएफओ ने दिखाई हरी झंडी, खुद ने भी की ट्रेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया धमतरी इकाई द्वारा रविवार को गंगरेल डेम में बोटिंग-कम-ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस साहसिक अभियान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार एवं वनमंडल अधिकारी कृष्ण जाधव ने हरी झंडी दिखाकर किया। विशेष बात यह रही कि दोनों अधिकारियों ने स्वयं भी ट्रेकिंग कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। एसपी श्री परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति को न्यूनतम संसाधनों में जीवन जीना सीखना चाहिए तथा प्रकृति संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। वहीं डीएफओ श्री जाधव ने कहा कि प्रकृति की निः स्वार्थ सेवा करने पर वह हमें कई गुना लौटाती है। संस्था के चेयरमैन हुकुम चंद जैन ने बताया कि कोरबा, भिलाई, दुर्ग, रायपुर सहित कई जिलों से सदस्य शामिल हुए। अध्यक्ष रमेश देव ने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

प्रतिभागी बोटिंग प्वाइंट से नाव द्वारा गंगरेल बांध पार कर टापू पहुंचे, जहां से लगभग 5 किलोमीटर जंगल ट्रेक कर नकटी देवी स्थल तक पहुंचे। सचिव सुबोध महावर ने बताया कि संस्था ट्रेकिंग के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण जैसे कार्य भी निरंतर करती है। कार्यक्रम के संचालन में संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाबा श्याम परिवार ने निकाली भव्य निशान यात्रा

- तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव का हुआ शुभारंभ, श्याम भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बाबा श्याम परिवार धमतरी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ 26 फरवरी को निशान यात्रा के साथ हुआ। शहर श्याम भक्ति में सराबोर नजर आया और श्रद्धालुओं की आस्था ने आयोजन को यादगार बना दिया।

श्रद्धा और उत्साह से भरी पदयात्रा निशानयात्रा दोपहर 3 बजे मठ मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। जय श्री श्याम के जयकारों के बीच 201 झंडा निशान भक्तों के कंधों पर लहराते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। फूलों की वर्षा, आतिशबाजी, बैंड-बाजे और भक्ति संगीत ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिला एवं पुरुष विशेष ड्रेस कोड में अनुशासित रूप से शामिल हुए। यात्रा का मुख्य आकर्षण सुसज्जित रथ रहा, जिसमें खाटू श्याम विराजमान थे। रथ से भक्तों को आशीर्वाद एवं बूंदी प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा का समापन रायपुर रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन संध्या, श्याम पाठ और छप्पन भोग का आयोजन होगा। संध्या में नेहा बेरीवाल (बरगढ़) प्रस्तुति देंगी। रायपुर निवासी मधुसूदन अग्रवाल श्याम पाठ का वाचन करेंगे।







